प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सहारनपुर।

सेवा में,

प्रबन्धक,
बिल किलंटन स्कूल
रामपुर मनिहारान सहारनपुर।

पत्रांक / बेसिक / मान्यता / 341-43 /2021–22 दिनांक 09. 4. 21

विषयः– **मान्यता के नवीनीकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा बिल किलंटटन स्कूल रामपुर मनिहारान सहारनपुर को कार्यालय के पत्रांक / बेसिक / मान्यता / अंग्रेजीमाध्यम / 28091–93 / 2019–20 दिनांक 30.12.2019 द्वारा दिनांक 01.02.2020 से आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए कक्षा 01 से कक्षा 05 तक अंग्रेजी माध्यम एवं पत्रांक / बेसिक / मान्यता / 26383–85 / 2019–20 दिनांक 30.12. 2019 द्वारा कक्षा 06 से कक्षा 08 तक अंग्रेजी माध्यम से दिनांक 01.01.2020 से आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए अनन्तिम मान्यता प्रदान की गई है के नवीनीकरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र रामपुर मनिहारान सहारनपुर के पत्र दिनांक 12 मार्च 2021 द्वारा कार्यालय को उपलब्ध कराई गई आख्या के अनुसार आपके विद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त होने के पश्चात उक्त विद्यालय का निर्धारित अवधि में सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार मान्यता की शर्तों के उलंघन करने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, के आधार पर शासनादेश संख्या–89 / अरसठ–3–2018–2041 / 2018 बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी 2019 के प्रस्तर 4 में विहित प्रावधानानुसार यह माना जाता है कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गई है।

भवदीय,

(रमेन्द्र कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सहारनपुर।

पृं0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, (बे0) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
2. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सहारनपुर।

Veenu
PRINCIPAL
BILL CLINTON SCHOOL
Ramrati Education Complex,
Rampur Maniharan,
Saharanpur (U.P.)

MANAGER
BILL CLINTON SCHOOI
Ramrati Education Complex
Rampur Maniharan
Saharanpur (U.P.)